आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :492 पृष्ठ -4 दिनांक 31 मई 2025 दिन शनिवार

## 97 गवाह, 500 पन्नों की चार्जशीट, अंकिता भंडारी हत्याकांड के इंसाफ की लड़ाई में जानें- क्या-क्या हुआ?

### अंकिता भंडारी हत्याकांड की दो साल आठ महीने तक सुनवाई चली, जिसके बाद कोर्ट ने पुलकित आर्य और उसके दो सहयोगियों को उम्रकैद की सजा

उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोटद्वार की जिला अदालत ने तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को दोषी करार दिया है. कोर्ट ने पुलकित आर्य को आई.पीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आ. जीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई और उसके सह आरोपी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया गया है. अंकिता के परिवार को 4 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है. अंकिता भंडारी मामले में दो साल आठ महीने चली सुनवाई के बाद आज उसे न्याय मिला है. यह केस सितंबर 2022 से चल रहा था. कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद ये फैसला सुनाया. अंकिता वनतरा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी, उसकी हत्या का आरोप इस रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य पर लगा था. पुलकित आर्य तत्कालीन बीजेपी नेता विनोद आर्य का बेटा है. ये मामला सामने आने के बाद बीजेपी ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया था. आईए आपको बताते हैं कि इस मामले में क्या–क्या हुआ. अगस्त 2022रू 19 साल की अंकिता भंडारी उत्तराखंड के पौड़ी जिले के यमकेश्वर की रहने वाली थी. 28 अगस्त को अंकिता ने ऋषिकेश के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित वनतरा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करना शुरू किया. 17दृ18 सितंबर 2022रू 17 सितंबर को अंकिता का रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य से विवाद हो गया था. जिसके बाद उसे एक अलग





कमरे में शिफ्ट कर दिया गया. जिसके बाद वो 18 सितंबर को संदिग्ध हालात में गायब हो गई. 19दृ22 सितंबर 2022

अंकिता के गायब होने के बाद परिवार ने कई पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हो पा रही थी. रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने राजस्व पुलिस को अंकिता के लापता होने की सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. इस बीच अंकिता का एक ऑडियो भी सामने आया जिसमें वो मदद मांगती हुई सुनाई दे रही थी.

24 सितंबर 2022रू अंकिता का शव ऋषिकेश के पास चीला नहर से बरामद हुआ. दावा किया गया कि विवाद के बाद पुलकित ने अंकिता को नहर में धक्का दे दिया था. पुलिस ने इस मामले में रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य और उसके दो सहयोगियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया गया. अक्टूबर 2022 उत्तराखंड सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल SITका गठन किया. जिसके बाद आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया. दिसंबर 2022रू ैप्ज ने 500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की, जिसमें 97 गवाहों के बयान शामिल थे. एसआईटी ने पुलकित आर्य पर हत्या, छेड़छाड़ और अनैतिक तस्करी के आरोप लगाए गए. 30 जनवरी 2023 को मामले की पहली सुनवाई हुई. जिसके बाद पक्ष और विपक्ष की ओर से दलीलों का सिलसिला शुरू हुआ. 28 मार्च 2023 से अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू हुई. मई 2023रू अंकिता के माता–पिता और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अंकिता की हत्या से पहले उसके साथ बलात्कार किया गया था. इस मामले को लेकर समय–समय पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों द्वारा भी विरोध जताया गया.करीब दो साल आठ महीने चली सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 97 लोगों को गवाह बनाया जिनमें से 47 गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया. 19 मई 2025 को अभियोजन पक्ष के वकील अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष दलीलों का जवाब दिया गया जिसके बाद सुनवाई खत्म हुई. 30 मई 2025 कोटद्वार की अदालत ने पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को अंकिता हत्याकांड का दोषी करार दिया और तीनों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है.

## यूपी में आज आंधी–तूफान के साथ बारिश का अलर्ट, 30 जिलों में ओलावृष्टि और बिजली गिरने की भी चेतावनी

उत्तर प्रदेश में इन दिनों मौसम एकदम बदला–बदला सा नजर आ रहा है. मई का महीना इस बार लोगों को बारिश से भिगोकर जाने की तैयारी कर रहा है. प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में आज (30 मई) को गरज–चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है. जबकि 30 से ज्यादा जिलों में आज झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की भी चेतावनी जारी की गई है. इस दौरान बिजली गिरने की भी संभावना है. लोगों को ऐसे में मौसम में सावधान रहने की जरूरत है. बारिश का ये सिलसिला 4 जून तक जारी रहेगा.मौसम विभाग ने यूपी में आज पूरब से पश्चिम तक कई जगहों पर गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है. इस दौरान कहीं–कहीं मेघ गर्जन के साथ 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलेंगी और ओले गिर सकते हैं. शनिवार को भी प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है. हालांकि, 1 जून से बारिश का जोर फिर से कम होने लगेगा. 4 जून तक कहीं–कहीं बारिश का क्रम जारी रहेगा, जिसकी वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी. गुरुवार को भी दक्षिणी यूपी के कुछ इलाकों में बारिश हुई, जिसकी वजह से मौसम सुहाना हो गया. इस दौरान इन इलाकों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है. हालांकि, आने वाले दिनों में तापमान में किसी तरह का बदलाव देखने को नहीं मिलेगा.यूपी में आज सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली और गाजीपुर झमाझम बारिश होगी, जबकि बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं, नोएडा, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, बुलंदशहर, एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयागराज, मीरजापुर, संत रविदास नगर और सोनभद्र में एक या दो जगहों पर मेघ गर्जन के साथ आंधी और बारिश का अनुमान है.वहीं मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी, गोंडा, अयोध्या, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर और देवरिया में कई जगहों पर तेज आंधी तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है.

## कानपुर मेट्रो विस्तार से लेकर नए रेलव पुल तक, जानें– पीएम मोदी ने यूपी को क्या–क्या गिफ्ट दिया?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की 15 वृहद विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. पीएम मोदी ने चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के नये भूमिगत खंड का उद्घाटन किया. इस खंड में पांच नये भूमिगत स्टेशन– चुन्नीगंज, बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट, नयागंज और कानपुर सेंट्रल शामिल हैं.कानपुर मेट्रो के इस विस्तार के साथ लाल इमली, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीन पार्क स्टेडियम, परेड ग्राउंड, बुक मार्केट और सोमदत्त प्लाजा जैसे महत्वपूर्ण स्थल इस मेट्रो से सीधे जुड़ जाएंगे.वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)–कानपुर से मोतीझील तक नौ स्टेशन परिचालन में हैं. इस नये खंड से शहर में मेट्रो से यात्रा अधिक सुविधाजनक, तेज और सुरक्षित हो जाएगी. प्रधानमंत्री मोदी ने घाटमपुर में 660 मेगावाट की बिजली इकाई और पनकी में एक तापीय बिजली परियोजना का भी उद्घाटन किया. इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के लिए स्थिर



तथा पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी. इसके अलावा, पनकी ऊर्जा संयंत्र से कल्याणपुर तक दो नये रेलवे पुलों का भी उद्घाटन किया गया.शिलान्यास और लोकार्पण के बाद एक संबोधन में पीएम ने कहा कि कानपुर व्यापार का इतना बड़ा केंद्र है. सबके लिए रास्ता कितना आसान हो गया है. आज हमारा न्च कनेक्टिविटी के मामले में बहुत आगे निकल चुका है. जहां लोग देर रात निकलने से डरते थे, वहां अब रात रात भर सफर करते हैं. पीएम ने कहा कि जब यहां पलायन हुआ तो केवल कानपुर ही नहीं पूरा उत्तर प्रदेश ही पीछे रह गया. आज 47,000 करोड़ की लगत से शिलान्यास किया गया है. बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड दिए गए. ये योजनाएं कानपुर की प्रगति में हमारे प्रतिबद्धता को दिखाते हैं. कुछ समय पहले हमारे सरकार ने मेट्रो की सौगात दी है. पहले एलिवेटेड और अब अंडर ग्राउंड. मेट्रो का ये विस्तार कोई साधारण प्रोजेक्ट नहीं है. अगर नेक नियत वाली सरकार हो तो कैसे विकास होता है. लोग कहते थे यहां कहां मेट्रो चल पाएगी, यहां कहां बदलाव होगा. इससे शहर की रफ्तार कम हो गई. लेकिन आज वही कानपुर विकास कर रहा है.

## यूपी में भरभराकर गिरी पानी की टंकी, जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रुपये में हुआ था निर्माण

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद की महमूदाबाद तहसील के ब्लॉक पहला की ग्राम पंचायत चुनका में नवनिर्मित पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई. इस नवनिर्मित पानी की टंकी का कार्य जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कराया गया था. आज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पानी की टंकी अचानक भरभरा कर गिर गई. जिस वक्त पानी की टंकी गिरी उस समय करीब 20 हजार लीटर पानी टंकी में भरा हुआ था. सीतापुर जनपद में पानी की टंकियों का गिरना लगातार जारी हैं. इससे पूर्व महोली तहसील के ग्राम चितहला में भी पानी की टंकी भर–भरा कर गिर गई थी. आज महमूदाबाद तहसील के ब्लाक पहला की ग्राम पंचायत चुनका में जब पानी की टंकी गिरी तो इसकी आवाज काफी दूर तक गूंजी. टंकी के निर्माण पर 531.50 लाख रुपये खर्च किए जाने की बात सामने आ रही हैं. इस पानी की टंकी से 8 गांवों में सप्लाई होती थी, लगभग 6 हजार की आबादी को पानी की सप्लाई होती थी. पानी की टंकी गिरने से लगे पैनल भी क्षतिग्रस्त हो गए. बीते चार महीने से गांव में नवनिर्मित टंकी के जरिए ही पानी की आपूर्ति की जा रही थी. जब पानी की टंकी गिरी तो गनीमत रही की आस–पास कोई मौजूद नहीं था वरना जनहानि हो सकती थी.महमूदाबाद विधायक ने भी लिया मामले का संज्ञान इस पानी की टंकी को कार्यदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के द्वारा गया था बनवाया लेकिन टंकी गिरने के बाद जल निगम, कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार चुप्पी साध कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं. महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्या ने टंकी गिरने का संज्ञान लेते हुए कहा कि गुण्वत्ताविहीन पानी की टंकी जिस ठेकेदार ने बनाई होगी, जो भी जिम्मेदार होगा उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी से कार्रवाई की जाएगी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ से बात कर उचित कार्रवाई की मांग करूंगी.क्या बोले प्रधान प्रतिनिधि राजाराम इस मामले में प्रधान प्रतिनिधि राजाराम ने बताया कि एक बढ़ा हादसा बच गया क्योंकि इस टंकी के नीचे गर्मी के गांव के लोग ठंडक के लिये बैठ व लेट भी जाते थे फिलहाल टंकी गिरने की वजह नहीं पता कि क्या हो सकती है शायद गुणवत्ता, मानक विहीन व ठेकेदार ही जाने. इस मामले में पूर्व मंत्रीध्पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि आज न तो कोई आंधी आयी थी और न कोई तूफान फिर भी ये पानी की टंकी कागज के खिलौने की तरह ढह गई. इसमें पानी की टंकी बनाने वाली कंपनी, ठेकेदार, पेटी डीलर और जल निगम के अधिकारी व कर्मचारी सबके हाथ भ्रष्टाचार में सने हुए हैं. पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां सभी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं.

## अयोध्या की इन सड़कों पर अब नहीं मिलेगा नॉनवेज, सीएम योगी के सख्त निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है. उनके निर्देश पर अब रामपथ, धर्मपथ, भक्तिपथ, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर मांस–मछली (नॉनवेज) की बिक्री पूरी तरह बंद कर दी जाएगी. बुधवार को सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद सिंह ने अपनी टीम के साथ इन पवित्र मार्गों का निरीक्षण किया.अधिकारियों ने सबसे पहले अयोध्या कैंट के सहादतगंज से लेकर अयोध्या धाम के लता मंगेशकर चौक तक 13 किलोमीटर लंबे रामपथ का दौरा किया. इस दौरान नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों को साफ हिदायत दी गई कि सात दिनों के भीतर अपनी दुकानें बंद कर दें. अगर इस समयसीमा के अंदर दुकानदारों ने अपनी दुकानें नहीं बंद कीं, तो नगर निगम का प्रवर्तन दल कार्रवाई करेगा.

## पीएम मोदी से मुलाकात के बाद शुभम द्विवेदी की पत्नी एशान्या बोलीं– वह बहुत दुखी थे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शुक्रवार 30 मई को उत्तर प्रदेश स्थित कानपुर के दौरे पर आए. इस दौरान पीएम ने स्व. शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की. स्व.शुभम द्विवेदी उन 26 लोगों में से एक हैं जिन्हें 22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में मारा था. पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले स्व.शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद कहा, श्पीएम मोदी ने कहा कि पूरा देश और सरकार हमारे साथ खड़ी है. उन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं.पीएम मोदी बहुत दुखी थे.पीएम मोदी ने मुझसे पहलगाम आतंकी हमले के बारे में पूछा. पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है.पीएम मोदी ने हमें एक और मुलाकात का आश्वासन दिया.श्वहीं स्व. शुभम के परिजनों से मुलाकात के बाद पीएम ने एक कार्यक्रम में कहा कानपुर में ये विकास का कार्यक्रम 24 अप्रैल को होने वाला था लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा. पहलगाम के आतंकी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी इस बर्बरता का शिकार हुए. बेटी ऐशान्या द्विवेदी की वो पीड़ा, वो दर्द और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं. हमारी बहनों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा.श

# संपत्ति पर नजर, कर दी दो नाबालिग बहनों की हत्या... हाथरस कोर्ट ने माना रेयरेस्ट ऑफ रेयर क्राइम, 2 को मौत की सजा

हाथरस उत्तर प्रदेश के हाथरस कोर्ट ने हत्याकांड के मामले में दो आरोपियों को मौत की सजा सुनाई है। हाथरस की एक विशेष एससी–एसटी कोर्ट ने 30 साल की उम्र के दो लोगों को दो नाबालिग बहनों की नींद में हत्या करने और संपत्ति विवाद को लेकर उनके माता–पिता की हत्या का प्रयास मामले में सजा का ऐलान किया। जज राम प्रताप सिंह ने मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष के 12 गवाहों की गवाही सुनी। तमाम सबूतों और गवाहों की गवाही के आधार पर मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर करार दिया। मामले के दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए मौत की सजा सुनाई।. अतिरिक्त जिला सरकारी वकील दिनेश यादव ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के सामने पेश हुए दोषियों को बुधवार के फैसले के बाद जेल भेज दिया गया है। बचाव पक्ष ने फैसले के खिलाफ अपील करने का निर्णय लिया है। पुलिस ने कहा कि फतेहपुर के एक ट्रक चालक और पीड़ितों के रिश्तेदार विकास सिंह ने अपने साथी लालू पाल के साथ इस साल 23 जनवरी की रात वारदात को अंजाम दिया था। क्या था मामला?हाथरस के आशीर्वाद धाम कॉलोनी में विकास सिंह और लालू पाल अपने घर पर परिवार के साथ खाना खाया था। रात करीब 1रू30 बजे जब पूरा परिवार सो रहा था, दोनों ने धारदार हथियार से कक्षा 2 की छात्रा छह वर्षीय विधि और कक्षा 7 की छात्रा उसकी 12 वर्षीय बहन सृष्टि का गला रेत दिया। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों बच्चियों के माता–पिता जवाहर स्मारक इंटर कॉलेज में 40 वर्षीय लेक्चरर छोटे लाल और उनकी 35 वर्षीय पत्नी वीरांगना बच्चियों को बचाने की कोशिश करते समय गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने बताया कि परिवार की चीख–पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन मदद पहुंचने से पहले ही अपराधी भागने में सफल हो गए। जांच में पता चला कि हमले की सा. जिश छोटे लाल के भतीजे सोने ने रची थी।संपत्ति के लिए साजिश छोटे लाल का भतीजा सोने दुबई में रहता है। उसने कथित तौर पर परिवार को खत्म करने और उनकी संपत्ति पर कब्जा करने के लिए आरोपियों को 2 लाख रुपये दिए थे। इसमें से 20,000 रुपये एडवांस में दिए गए थे। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के घर पर 23 जनवरी की रात वारदात को अंजाम दिया।दोनों आरोपी हुए थे गिरफ्तार

हाथरस के एसएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा कि घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को तैनात किया गया था। अपराध के कुछ ही घंटों के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एससी–एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के साथ–साथ बीएनएस धारा 103 (हत्या) के तहत आरोप पत्र दायर किया गया था।एसएसपी ने कहा कि मामले को काफी गंभीरता से लिया गया। उन्होंने कहा कि हमने सबूतों और गवाहों की गवाही के आधार पर एक मजबूत केस बनाया। हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि दोषियों को अधिकतम सजा मिले। घटना के चार माह के भीतर कोर्ट का फैसला आ गया है।

## सादाबाद में किसानों का तहसील पर प्रदर्शनरूसर्किल रेट बढ़ाने समेत 7 मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, दो सप्ताह का अल्टीमेटम



सादाबाद तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के नेतृत्व में किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने एसडीएम को सात प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम और किसानों के बीच तीखी बहस भी हुई।किसानों की प्रमुख मांगों में सादाबाद तहसील में सर्किल रेट में वृद्धि शामिल है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभी तक दरें तय नहीं की गई हैं। उन्होंने अघोषित बिजली कटौती की समस्या का समाधान करने की मांग की।किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने खतौनियों में नाम की त्रुटियों को सुधारने के लिए ग्राम स्तर पर चौपाल लगाने की मांग की। सिंचाई के लिए माइनर और रजबहा को चालू करने की मांग भी प्रमुख है।किसानों ने लेखपालों पर भ्रष्टाचार और शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन को दो सप्ताह का समय दिया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे पुनः आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

## हाथरस में मनाया गया गुरु अर्जुनदेव का शहीदी दिवस गुरुद्वारे में शबद कीर्तन, मीठे शरबत की प्याऊ लगाई, गुरुदेव को याद किया

हाथरस के अलीगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरू नानक दरबार में सिख धर्म के पां. चवें गुरु अर्जुनदेव का शहीदी दिवस सादगी के साथ मनाया गया।शुक्रवार सुबह गुरुद्वारे में शबद कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरपाल सिंह ने गुरु अर्जुन देव के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मुगल शासकों ने गुरु जी को गर्म तवे पर बैठाकर और ऊपर से गर्म रेत डालकर शहीद किया। इतनी यातना के बावजूद गुरु जी पाठ करते रहे और विचलित नहीं हुए।काफी लोग हुए शामिलकार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारे के बाहर मीठे शरबत की प्याऊ लगाई गई। संगत के लोगों ने स्वयं शरबत वितरण और लंगर की सेवा की। इस अवसर पर समाजसेवी तजवंत कालरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजीत सिंह, नानक सिंह, हरबंश सिंह, गुलशन शूरी, पन्ना सिंह सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## हाथरस में समोसे में निकली मरी छिपकली प्रसिद्ध मिठाई विक्रेता के यहां का मामला, दुकान में जमकर हंगामा

हाथरस के अलीगढ़ रोड स्थित खंडेलवाल मिष्ठान भंडार में मेंडू गेट निवासी बंटी शर्मा ने दुकान से समोसा खरीदा। खाने से पहले उन्होंने देखा कि समोसे में एक मृत छिपकली है। पूछताछ में पता चला कि चटनी में छिपकली गिर गई थी।जब चटनी को समोसे के साथ परोसा गया, तब छिपकली समोसे पर आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान वहां हंगामा खड़ा हो गया। गनीमत यह रही कि ग्राहक ने समोसा नहीं खाया, वरना उसकी हालत बिगड़ जाती।स्टाफ को लोगों ने सुनाई जमकर खरी खोटीदुकान मालिक मौके पर मौजूद नहीं था। लोगों ने दुकान के स्टाफ को फटकार लगाई। कुछ देर बाद स्थानीय लोगों की मदद से मामला शांत हो गया। ग्राहक की सतर्कता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई, क्योंकि उन्होंने समोसा खाने से पहले इसे देख लिया था।

## हाथरस जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में बिजली गुल एक्स–रे और अल्ट्रासाउंड सेवाएं ठप, भीषण गर्मी में परेशान रहे मरीज

हाथरस के जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में आज विद्युत लाइन में फॉल्ट के कारण दो घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही। इस दौरान कई स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। जिला अस्पताल में एक्स–रे सेवाएं प्रभावित रहीं। काफी मरीजों के एक्स–रे नहीं हुए।जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की छुट्टी के कारण पहले से ही अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे थे। बिजली गुल होने से महिला अस्पताल में भी अल्ट्रासाउंड सेवाएं रुक गईं। कुछ वार्डों में अंधेरा छाया रहा। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को अंधेरे में ही मरीजों का इलाज करना पड़ा। ओपीडी सेवाएं जारी रहीं, लेकिन भीषण गर्मी में मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।काफी मरीज बिना इलाज के लौटे वापसकई मरीजों ने बताया कि वे सुबह से अस्पताल में बैठे हैं। बिजली न होने के कारण उन्हें बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार बंदर के हाई टेंशनलाइन से चिपक जाने के कारण यह समस्या पैदा हुई है। विद्युत लाइन में आई खराबी को बाद में ठीक कर दिया गया।

## हाथरस के मुरसान–सादाबाद रोड पर आज सुबह एक सड़क हादसा हुआ

हाथरस के मुरसान–सादाबाद रोड पर आज सुबह एक सड़क हादसा हुआ। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान आगरा के मंटोला निवासी 26 वर्षीय विशाल पुत्र कुंदन के रूप में हुई। घायल युवकों की पहचान आगरा के गाना ताजगंज निवासी मनीष और अनुराग के रूप में हुई है। तीनों युवक एक होटल में काम करते थे। वे मुरसान से वापस लौट रहे थे जब यह हादसा हुआ। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां विशाल को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर हालत में मनीष और अनुराग को आगरा रेफर कर दिया गया।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवायापुलिस ने मौके पर पहुंचकर विशाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। विशाल के परिवार में एक छोटी बच्ची भी है।




हाथरस के रिजर्व पुलिस लाइन में आज पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली और महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के आगमन पर परेड द्वारा सलामी दी गई।निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों की वर्दी की जांच की गई। सभी को साफ–स्वच्छ वर्दी पहनने के निद. ेश दिए गए। पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए दौड़ करवाई गई। अनुशासन और एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल का अभ्यास कराया गया।पु. लिस अधीक्षक ने डायल 112 के दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निरीक्षण किया। वाहनों की साफ–सफाई, घटनास्थल किट और हूटर की जांच की गई। प्रभारी डायल–112 को वाहनों के रखरखाव के निर्देश दिए गए। डॉग स्क्वायड और ड्रोन कैमरा का भी निरीक्षण किया गया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण, क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु मा. थुर, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ जयेन्द्र नाथ अस्थाना, क्षेत्राधिकारी लाईन श्यामवीर सिंह और प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हाथरस में स्वास्थ्यकर्मी के घर से लाखों रुपए की चोरी छत के रास्ते घुसे बदमाश, शादी में गया था परिवार



हाथरस के जिला अस्पताल में कार्यरत सीटी स्कैन टेक्नीशियन राघवेंद्र सिंह के घर चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। यह घटना शहर के मो. हल्ला रमनपुर स्थित उनके किराए के मकान में घटी, जब वह परिवार सहित मै. नपुरी के करहल में अपने भतीजे की शादी में गए हुए थे।छत के रास्ते घुसे चोर, तोड़ा ऊपर का दरवाजाचोरों ने 27 मई की रात को राघवेंद्र सिंह के मकान को निशाना बनाया। वे छत के रास्ते घर में घुसे और ऊपर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। चोरी की वारदात के दौरान चोरों ने करीब 9 लाख रुपए के सोने–चांदी के जेवरात और 50 हजार रुपए की नकदी चुरा ली।बच्चों की गुल्लक भी नहीं छोड़ीइतना ही नहीं, चोरों ने घर में रखी बच्चों की गुल्लक तक तोड़ दी और उसमें रखे पैसे भी ले गए। घटना से परिवार सदमे में है। जब राघवेंद्र सिंह शादी के बाद घर लौटे तो मुख्य दरवाजा बंद था, लेकिन अंदर की लाइटें जल रही थीं और दरवाजा अंदर से कुंडी लगा था। उन्हें कुछ संदेह हुआ तो पड़ोसियों को बुलाकर किसी तरह दरवाजा खोला। अंदर का नजारा देख परिवार के होश उड़ गए, सारा सामान बिखरा पड़ा था, अलमारी टूट चुकी थी और कीमती सामान गायब था।पुलिस जांच में जुटी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच–पड़ताल की। पुलिस ने फिंगरप्रिंट और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया है। इस वारदात के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और चोरों को जल्द पकड़ने का प्रयास जारी है।

# ईदुल अजहा(बकरीद) पर छोटी बड़ी मस्जिदों पर होंगे चाक चौबंद इन्तिजाम-नगर आयुक्त ने मुस्लिम बुद्धीवियों से नगर निगम इंतजाम पर लिया फीडबैक




नगर निगमनगर आयुक्त का वादा परंपरागत व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से करने का नगर निगम का रहेगा पूरा प्रयास–कुर्बानी के अपशिष्टों को उठाने के लिए मूवमेंट पर रहेंगे–30 वाहन,4 मैके. निकल लोडर, 6 जेसीबी 4 टाटा टिपर, 02 मिनी रोबर्ट, 3 डम्पर प्रेसर व 90 टाटा टिपरईदुल अजहा(बकरीद) पर नगर निगम व्यवस्थाओं को समय से करने के लिए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव संग ईदगाह कमेटी, ऊपरकोट जामा मस्जिद और जमालपुर ईदगाह कमेटी के पदाधिकारी के साथ चर्चा की। बैठक में आये मुफ्ती जाहिद पार्षद मुशर्रफ हुसैन, असलम नूर, गुलजार अहमद, दुलारे, रा. शिद, काजी अयाज, इकबाल अहमद मुजा. हिद रजा, को नगर आयुक्त ने पूर्ण रूप से आश्वास करते हुए कहा परंपरागत व्यवस्थाओं को समय से और बेहतर तरीके से करने का प्रयास नगर निगम करेगा बकरीद के अवसर पर छोटी बड़ी मस्जिदों में पढ़ी जाने वाली परंपरागत नमाज को देखते हुए इस बार नगर निगम जामा मस्जिद ऊपरकोट शाहजमाल ईदगाह जीवनगढ़ ईदगाह जमालपुर ईदगाह के साथ–साथ सभी छोटी बड़ी मस्जिदों के आस पास तीन दिनों तक होने वाली कुबा. ´नी को ध्यान में रखते हुए लगातार सफाई की विशेष व्यवस्था, अपशिष्टों को उठाने , पेयजल टैंकर और स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था कराएगा।नगर आयुक्त ने बताया नगरीय क्षेत्र में लगभग 100 छोटे बड़े प्वाइंटों को अपशिष्ट डालने हेतु चिन्हित किया गया है इन प्वाइंटों पर आने वाले कुर्बानी के अपशिष्टों को उठाने के लिए राउंड का क्लॉक मोबाइल टेंपो व ट्रैक्टर ट्रॉली की व्यवस्था का रोस्टर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ईदुल अजहा(बकरीद) पर कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्ट के कारण होने वाली गंदगी को चौलेंज के रूप में लिया जा रहा है नगर निगम के सभी सफाई निरीक्षक क्लस्टर प्रभारी अर्बन कंपनी के दायित्व निर्धारित कर दिए गए हैं।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कुर्बानी के अपशिष्ट के निस्तारण के लिये लगभग 100 पॉइंट पर ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े कराए जाने के साथ साथ 90 टाटा एस टेम्पो 5 छोटे टिपर 25 ट्रैक्टर को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मूवमेंट पर लगाया है। कुबा. ´नी के अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए लगातार तीन दिन राउंड दा क्लॉक 30 बड़े वाहन 4 मैकेनिकल लोडर 6 जेसीबी मशीन 4 बड़े टाटा टिपर 2 मिनी रोबर्ट वाहन और 2 डंपर3प्रेसर वाहन लगाए गए है।।उन्होंने बताया महानगर की मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों के साथ–साथ देहलीगेट चौराहे दे. हलीगेट छंगा वाली मस्जिद के पास ख्वाजा चोक, तुर्कमानगेट शौचालय के निकट मकदूमनगर मोड़ पर भुजपुरा बा. ईपास एसके लॉज जंगलगढ़ी बाईपास मोड़ डबल टकी के पास चरखवालान चौराहे पम्पिग स्टेशन के पास चरखवालान ईदगाह से आगे रोरावर मरघट, कर्बला के निकट नगला मसानी मोड़ पर अब्दुल करीम चौराहे ऊपरकोट कोतवाली के पास, ऊपरकोट जामा मस्जिद के सामने हा. स्पिटल के पास हाथीपुल पर खटीकन चौराहे रोड पर जयगंज डाकखाने के पास ऊपरकोट घास की मण्डी काला महल रोड किनारे उस्मानपाड़ा पुल के नीचे, घास की मण्डी,जंगलगढ़ी के नौशे दूध वाले के आस–पास, केला नगर से जीवनगढ़ मोड़ जीवनगढ़ से बाईपास, जीवनगढ़ पुलिया पर, दोदपुर चौराहे मेडीकल रोड ग्रीन क्रिसंट स्कूल के पास, मेडीकल रोड सफीना के पास जमालपुर ईदगाह, जमाल. पुर पुल के नीचे जमालपुर नाले के किनारे जमालपुर किरमानी मस्जिद जमालपुर बड़ी मस्जिद के पास,धौर्रा माफी मस्जिद के पास इकरा पुलिया, निजामी की पुलिया सरसैयद नगर,फैड़स कालोनी,जौहराबाग सरसैयद नगर बड़ी मस्जिद, लाल डिग्गी अनवर हुदा अमीन निशा अब्दुला साइड जामिया उर्दू मैरिस रोड बेगपुर मैरिस रोड शहनाई हॉल रजा नगर (जीवनगढ़) क्षेत्रों में कुर्बानी के अवशेष को डालने के लिए नगर निगम द्वारा अतिरिक्त मोबाइल टेंपो टिपर ट्रैक्टर के साथ–साथ मैकेनिकल लोडर जेसीबी बॉबकट वाहनों को लगाया गया है।बैठक में मुख्य अभियंता सुरेश चंद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा मीडिया सहायक एहसान रब अवर अभियंता नरेंद्र सिंह मौजूद थे

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आजदी की लड़ाई में योगदान देने वाले पत्रकारों को किया गया नमन



अलीगढ़ (जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष कलेक्ट्रेट में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उल्लेखनीय योगदान देने वाले अलीगढ़ जिले के वीर पत्रकारों और संपादकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजीव रंजन को आजादी का अमृत महा. ´त्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा द्वारा क्रांतिकारी पत्रकारों के दुर्लभ चित्र भेंट किए गए। इन चित्रों का लोकार्पण कर उपस्थित जनों को पत्रकारिता की भूमिका और उसके ऐतिहासिक योगदान का स्मरण कराया गया इस अवसर पर पत्रकारिता और देशभक्ति के मिलन का प्रतीक रहे कई महान व्यक्तित्वों को याद किया गया, जिनमें विशेष रूप से श्री होती लाल वर्मा जी श्वंदे मातरमश्श समाचार पत्र के अलीगढ़ रिपोर्टर, जिन्हें 1908 में काला पानी की सजा दी गई। यह देश में किसी गैरराजनीतिक व्यक्ति को दी गई पहली सजा थी। श्री रमेश चंद्र आर्य जी श्वीर अर्जुनश्श के सहायक संपादक, जिन्हें 18 जून 1943 को अलीगढ़ जेल में क्रूर यातनाएं देकर शहीद कर दिया गया। श्री भगवान दास गौतम जी क्रांतिकारी पत्रकार एवं संपादक जो भगत सिंह जी के सहयोगी और उनके साथ लाहौर सेंट्रल जेल में निरुद्ध रहे। उन्होंने साइमन कम. ´शन विरोध में काले झंडे से विरोध प्रकट किया था। श्री मदन लाल हितेषी जी दैनिक प्रकाश अलीगढ़ के संपादक जोकि स्टेशन बम कांड में शामिल रहे जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उपस्थित पत्रकारों और स्वतंत्रता सेनानी परिजनों को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि श्शहिंदी पत्रकारिताश्श ने न केवल आजादी की लड़ाई को स्वर दिया, बल्कि पत्रकारों ने अपनी लेखनी और जीवन दोनों देश को समर्पित किए। ऐसे वीर पत्रकारों की स्मृतियाँ हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं और सदैव रहेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारियों ने स्वतंत्रता सेनानी पत्रकारों के प्रति श्रद्धा अर्पित की और पत्रकारिता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने जिलाधिकारी एवं सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अलीगढ़ की धरा से भी पत्रकार जगत ने आजादी की लड़ाई में अपनी आहूति दी है, इसको वास्तव में आज सही मंच मिला है। उस समय की विषम परिस्थियों के बावजूद जब प्रेस पर अंग्रेंजों की पैनी नजर रहती थी आजादी की लड़ाई में सक्रिय योगदान देना अपने आप में चुनौतीपूर्ण कार्य था। ऐसे वीर शहीद पत्रकारों के विषय में आज के पत्रकार जब जानेंगे तो वह प्रोत्साहित होंगे कि विषम परिस्थितियों में भी सच्ची पत्रका. रिता कैसे की जाती हैइस अवसर पर डिप्टी कलैक्टर दिग्विजय सिंह, स्वतंत्रता सेनानी परिजन श्रीमती रजनी तौमर, श्री सुरेश चन्द्र शर्मा, श्री बसंत बंसल, श्री धम. ´वीर सिंह, श्री कामेश गौतम, श्री प्रशांत हितैषी, श्री मुकेश भारद्वाज, श्री सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, श्री सागर मणि वार्ष्णेय, मोहित कुमार, पौपी कुमार समेत पत्रकार बन्धु पंकज धीरज, नीरज शर्मा, देवेन्द्र वार्ष्णेय, बीएन शर्मा, राजकुमार, मुकेश कुमार सिंह, पुष्पेद्र कुमार, संजीव शर्मा, उड़ान सोसाइटी के अध्यक्ष श्री ज्ञानेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन के स्वास्थ्य परीक्षण, इलाज, कॉक्लियर इम्प्लान्ट की सुविधा के लिए विकास भवन में मण्डलीय संवाद कार्यक्रम संपन्न




अलीगढ़ (माननीय राज्यमन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशों के अनुपालन में दिव्यांगजन के स्वास्थ्य परीक्षण, इलाज, कॉक्लियर इम्प्लान्ट की सुविधा के लिए विकास भवन सभागार में मंडल स्तर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यालय से नामित नोडल अधिकारी उप. निदेशक अमित कुमार राय द्वारा की गयी। कार्यकम में उपनिदेशक दिव्यांगजन सश. क्तिकरण श्रीमती पारिशा मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार, डा0 ईएनटी सर्जन नीरज गुप्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया।कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशकित्करण अधिकारी रोहित कुमार ने वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 के कॉक्लियर इम्प्लान्ट के लाभार्थियों का परिचय प्रदान करते हुए उनसे अपना फीडबैक प्रस्तुत करने की अपेक्षा की। सभी लाभार्थियों द्वारा नोडल अधिकारी के समक्ष योजना की सराहना की गयी और सरकार के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया। नोडल अधिकारी ने योजना के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि सभी लाभार्थी स्पी. चथेरेपी नियमित रूप से करायें यदि कही पर स्पीचथेरेपिस्ट की उपलब्धता न हो तो वह लाभार्थी बचपन डे केयर सेन्टर में कार्यरत स्पीचथेरेपिस्ट की सेवायें ले सकते है। श्रीमती पारिशा मिश्रा द्वारा सभी लाभा. र्थयों को विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी।

## छर्रा अड्डा ओवर ब्रिज से नौरंगाबाद तक चला अतिक्रमण अभियान–गंदगी पॉलीथिन इस्तेमाल करना पड़ा भारी–वसूला ₹12500 का जुर्माना




नगरीय क्षेत्र की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम स्तर से प्रभावी कार. ´वाई प्रतिदिन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश उपनगर आयुक्तध्प्रभारी प्रवर्तन दल अमित कुमार को दिए है। उप नगर आयुक्त ने नगर आयुक्त के आदेशों को जमीनी रूप देने के लिए नगर निगम प्रवर्तन दल को प्रतिदिन मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने के साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक और गंदगी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का रोस्टर जारी किया है। शुक्रवार को नगर निगम अलीगढ़ द्वारा उप नगर आयुक्त अमित कुमार के नेतृत्व में छर्रा अड्डा ओवर ब्रिज से नौरंगाबाद तक सड़क फुटपाथ नाले के ऊपर से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान नगर निगम ने सड़क पर गंदगी अतिक्रमण व पॉलीथिन इस्तेमाल करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 12500 वसूल किए। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अलीगढ़ नगर निगम द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है सभी अतिक्रमण कर्ताओं से अपील की जाती है स्वयं अतिक्रमण हटा ले अन्यथा नगर निगम सामान जब्त करने के साथ–साथ दोबारा अतिक्रमण करने पर वैधानिक कार. ´वाई करेगा




## विकसितकृषि संकल्प अभियान–2025किसानों को दी गई वैज्ञानिक जानकारी, विभागीय योजनाओं का मिला लाभ

अलीगढ़ भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशों के अनुपालन में विकसित कृषि संकल्प अभियान–2025 के अन्तर्गत जिले में 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक चिन्हित ग्रामों में विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा किसानों से संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को विकासखण्ड इगलास के नौ ग्रामों कृसहारा कला, सहारा खुर्द, भटोई, बसई, नगला अहिवासी, नगला जार, तोछीगढ़, कारस एवं सीतापुर में कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रमों में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं अन्य विभागों के विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने भाग लिया। प्रमुख विशेषज्ञों में डा0 टीजे पुराकायस्थ, डा0 अनु शर्मा, डा0 भारती, डा0 प्रशान्त किशोर, डा0 कुमार रंग, डा0 जयदेव वर्मा, डा0 सुधीर कुमार रावत, डा0 अशरफ अली, डा0 नेत्रपाल मलिक सम्मिलित रहे। किसानों को मृदा परीक्षण, फसल प्रबंधन, दलहन–तिलहन मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरक प्रयोग, डीएसआर विधि से धान की खेती, कृषि यंत्रीकरण, श्रीअन्न उत्पादन, मेड़ों पर अरहर की खेती, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोग आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त किसानों को सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा सीधे फीड. बैक भी प्राप्त किया गया, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति जानी जा सके। कार्यक्रम में यशराज सिंह उप कृषि निदेशक, धीरेन्द्र चौधरी जिला कृषि अधिकारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र छेरत, पशु चिकित्साधिकारी, इफ्को प्रतिनिधि, फसल बीमा प्रतिनिधि, सहायक विकास अधिकारीगण, क्षेत्रीय कर्मचारीगण एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम प्रधानों एवं बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सार्थक एवं सफल बनाया। किसानों ने वैज्ञानिकों द्वारा दी गई तकनीकी जानकारी को सराहा तथा कई विषयों पर सुझाव भी साझा किए।

# कासगंज 25 नामचीन जुआरियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई




कासगंज, । डीएम मेधा रूपम की स्वीकृति के बाद सदर कोतवाली में भाजपा विधायक के बेहद करीबी सहित 25 नामचीन जुआरियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है। इस कार्रवाई से अवैध धंधे करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन की मदद से इनकी संपत्तियो की जांच की जाएगी। अवैध कमाई से संपत्ति बनाने के प्रमाण मिले तो प्रशासन की मदद से पुलिस उसे जब्त करेंगी।शहर में संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से बंद घरों में जुआ सट्टा करा कर अवैध धन अर्जित करते थे। कोतवाली पुलिस गैंग चार्ट तैयार कर जिलाधिकारी मेधा रूपम के समक्ष प्रस्तुत किया। स्वीकृति के बाद गैंग लीडर सचिन उर्फ सच्चू, सुनील, जीतेश, महेश, शिव प्रकाश, सुमित, सुनील कुमार, तरूण, मुन्ना, नीरज, रजनीश वार्ष्णेय उर्फ गोलू, राहुल, शैलेन्द्र, नवीन, आकाश, विधायक का अति करीबी मोनू शर्मा, रवि, अखंड प्रताप, अंकुर गुप्ता, सोनू, अवधेश, स्वदेश, शेरा उर्फ शेर सिंह, पीतांबर, अवधेश के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ है। सीओ आंचल चौहान ने बताया इन लोगों का अपराधिक इतिहास है। लोगों में भय व आतंक बना हुआ है। सामान्य मकानों को जुआ घर के रूप में इस्तेमाल करते थे। कई बार कार्रवाई की गई थी। सभी आरोपियों को चिन्हित कर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। आगे इनकी संपत्तियो की जांच कराई जा रही है। जांच में प्रमाण मिले तो संपत्ति भी जब्त की जाएगी।


# गवान परशुराम के चित्र के साथ ऐसी हरकत...ब्राह्मणों का खौल उठा खून, बोले– अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

एटा में भगवान परशुराम के चित्र वाली झंडियां बुधवार को कूड़े के ढेर में मिली। ब्राह्मण समाज ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते हुए आक्रोश जताते हुए कार्रवाई की बात कही है।बीते दिनों 25 मई को शहर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकल गई थी। शोभा यात्रा से पूर्व भगवान परशुराम के चित्र सहित झंडियां खंभों पर लगाई गई थी, जो बुधवार को कूड़े के ढेर में मिली। जिसकों लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है। ब्राह्मण युवजन सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनीत भारद्वाज ने बताया की बुधवार की रात जीटी रोड स्थित एटा क्लब के पास कूड़े के ढेर में भगवान परशुराम की झंडियों को सरारती तत्वों द्वारा खंभों से उतार कर कूड़े के ढेर में डाला गया।उन्होंने कहा कि यह भगवान के अपमान के साथ ब्राह्मण समाज का अपमान है। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह से शिकायत करते हुए मामले की जांच कर कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। सोनी वशिष्ठ, हरेंद्र सारस्वत, मोहित पाठक, सौरभ मिश्रा, गौरव दीक्षित, चंदन शर्मा, अनिल दुबे, तरुण शर्मा सहित तमाम ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# सड़क पर संबंध बनाने वाले नेता के बाद... भाजपा की महिला नेता का अय्याश बेटा, मां ने साधी चुप्पीय विपक्ष मुखर

मंदसौर के भाजपा जिलाध्यक्ष का वीडियो कांड अभी थमा नहीं है कि मैनपुरी में भी इस प्रकार का एक कारनामा सामने आया है। शहर के एक मंडल की महिला मोर्चा की अध्यक्ष के बेटे के 130 अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बेहद अश्लील वीडियो शहरभर के लोगों के पास पहुंचे हैं। भाजपा नेत्री ने फोन तक उठाना बंद कर दिए हैं। भाजपा खेमे ने भी चुप्पी साध ली है। विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं।शहर के एक नामचीन मिष्ठान भंडार के संचालक के छोटे भाई के बेटे एवं भाजपा नेत्री के यह वीडियो बताए जा रहे हैं। वीडियो में वह और एक महिला बेहद अश्लील हरकतें कर रहे हैं। वायरल 130 वीडियो शहर के अलग–अलग होटल, रेस्टोरेंट आदि में बनाए गए हैं। जबकि भाजपा नेत्री का बेटा विवाहित है। वीडियो में दिख रही महिला भी शहर की ही रहने वाली है। महिला ने भी अपने पति को छोड़ रखा है। भाजपा नेत्री के बेटे का पत्नी से चल रहा है विवाद भाजपा नेत्री के बेटे का अपनी पत्नी से करीब चार साल से उसकी इन्हीं हर. कतों को लेकर विवाद चल रहा है। पिछले दिनों पति द्वारा सिगरेट से दागे जाने पर उसने पुलिस को भी बुला लिया था। मगर, मामला राजनीतिक परिवार से होने के चलते पुलिस ने रफा दफा कर दिया था। बताया जा रहा है कि युवक प्रेमिका के साथ वीडियो बनाकर पत्नी को दिखाता उसे मानसिक प्रताड़ित करता था। आखिर 130 वीडियो कैसे हुए वायरल इस मामले में सवाल यह खड़ा हो गया है कि आखिर 130 वीडियो एकाएक कैसे वायरल हो गए। इसे खुद युवक या उसकी प्रेमिका ने वायरल किया है या फिर किसी अन्य प्रकार से वायरल हुए हैं। इसको लेकर लोगों में चर्चा और सवाल तैर रहे हैं। भा. जपा ने साधी चुप्पी, विपक्ष ने लिए आड़े हाथों इस मामले में भाजपा ने चुप्पी साध रखी है। महिला मोर्चा से लेकर जिला संगठन तक का कोई भी पदाधिकारी कुछ भी बोलने से इन्कार कर रहा है। वहीं, सपा, बसपा, कांग्रेस ने भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है। कहा है कि भाजपा नेता और उनके परिवार से जुड़े लोगों की करतूत जनता के सामने आने लगी हैं। मगर, पुलिस–प्रशासन कार्रवाई करने के बजाए सत्ता के दबाव में शांत बैठा हुआ है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि भाजपा की कथनी और करनी में फर्क सामने आने लगा है। इनकी जुबान पर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं के नारे हैं। मगर, इनकी करतूत उससे इतर हैं। अगर, इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई, उसकी पत्नी को इंसाफ नहीं मिला तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेग. ी।सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य का कहना है कि भाजपा नेताओं की करतूतों से पर्दा उठने लगा है। जनता इनको 2027 के विधानसभा चुनाव में सबक सिखा देगी। भाजपा नेत्री से अगर और उसके बेटे से प्रताड़ित महिला सपा से संपर्क करे, उसके लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ी जाएगी।बसपा जिलाध्यक्ष मनीष सागर ने बताया कि भा. जपा पदाधिकारियों को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए। एक पत्नी के होते हुए इस प्रकार से किसी महिला के साथ संबंध और अश्लील वीडियो बनाना भारतीय समाज की परंपरा का हिस्सा नहीं है।

# . कासगंज में ई–रिक्शा में सवार बदमाशों ने की थी लूट, नकदी और मोबाइल बरामद



कासगंज के थाना पटियाली पुलिस ने लूट की वारदात को 6 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से लूटा गया सारा सामान बरामद कर लिया गया है। घटना 29 मई को शाम साढ़े पांच बजे की है। फर्रुखाबाद के कायमगंज थाना क्षेत्र के लहरा गांव के रहने वाले अरविंद कुमार धुमरी स्टैंड से ई–रिक्शा में बैठे। वह चंदपुरा स्थित अपने आम के बाग की देखभाल के लिए जा रहे थे। कस्बा पटियाली से निकलते ही ई–रिक्शा में सवार दो लोगों ने उनसे 15 हजार रुपए, दो मोबाइल फोन और आधार कार्ड की फोटोकॉपी छीन ली।पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर एसपी राजेश भारती और सीओ पटियाली राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस ने 30 मई को धुमरी रोड पर पप्पू पंडित के बाग के पास से दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान नरेंद्र उर्फ नमकीन और अतवीर के रूप में हुई है। नरेंद्र परतापुर का रहने वाला है, जबकि अतवीर खजुआ गांव का है। आरोपियों से 14,800 रुपए नकद, दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड की छायाप्रति और घटना में इस्तेमाल किया गया ई–रिक्शा बरामद किया गया है। पुलिस ने मामले में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है।

# यूपी पुलिस में तबादलाविवादों में घिरे कासगंज के सीओ राजकुमार पांडेय को सीतापुर भेजा, श्रावस्ती से संतोष कुमार आएंगे

उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर तबादले किए गए हैं। कासगंज जिले के पटियाली सर्किल में तैनात सीओ राजकुमार पांडेय को सीओ पीटीसी सितापुर के पद पर भेजा गया है।उनकी जगह पर जनपद श्रावस्ती से सीओ संतोष कुमार को कासगंज में नई जिम्मेदारी दी गई है। सीओ राजकुमार पांडेय अपनी तैनाती के दौरान अक्सर विवादों में रहे।उन पर किसानों और थाने आने वाले पीड़ितों से अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगते रहे। पिछले महीने दौरैया गांव के किसान नेता और ग्रामीणों ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। ग्रामीणों का आरोप था कि सीओ ने मारपीट की और घरों में तोड़फोड़ की।

# खराब बस को खींचते समय टूटा रस्सा, चालक की मौत ट्रैक्टर पलट कर युवक पर गिरा, डॉक्टरों ने मृतक घोषित किया

एटा में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ककेरा गांव के पास एक खराब बस को खींचते समय ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई। कासगंज के थाना ढोलना क्षेत्र के छिछौरा निवासी 23 वर्षीय सुभाष, जो रामसिंह का पुत्र था, ट्रैक्टर से एक खराब बस को खींच रहा था। इस दौरान अचानक रस्सा टूट गया। रस्सा टूटते ही ट्रैक्टर तेज गति से आगे बढ़ा और अनियंत्रित होकर पलट गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल चालक को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अनिल कुमार ने बताया कि सुभाष कुरावली से बस खींचकर ले जा रहा था। उन्होंने बताया कि संभवतः ब्रेक फेल होने से यह हादसा हुआ।कोतवाली देहात के थाना प्रभारी आरके सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। शव को पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई

# कासगंज घर के कमरे में महिला का शव लटकता मिला...हत्या का लगा आरोप

कासगंज शहर के लवकुश नगर में गुरुवार की सुबह घर के एक कमरे में 23 वर्षीय महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में को. हराम मचा हुआ है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। सिढपुरा थाना क्षेत्र के नगला मेहरजी निवासी बृजेश ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रीता की शादी 28 जनवरी 2024 को शहर के लवकुशनगर निवासी भूपेंद्र के साथ की थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। शादीमें दिए गए दान दहेज से रीता के ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज का दबाव बनाते थे। उसके साथ मारपीट करते थे। रीता के पास एक सात माह का बच्चा भी है। रीता के ससुराली. जनों ने बच्चे को अलग कमरे में सुलाकर उसकी हत्या कर दी और उसको आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मायके पक्ष की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तीन महिला परिचालक बसों में काटेंगी टिकट

कासगंज। कासगंज डिपो के लिए चयनित सात महिला परिचालकों में तीन की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें लोकल मार्ग की बसों पर ड्यूटी पर लगाया गया। वहीं, चार अन्य ने इसमें रुचि नहीं ली। इनके अलावा मृतक आश्रित कोटे में तीन पुरुष चालक भी नियुक्त किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए परिवहन निगम की बसों में महिला संविदा परिचालक रखने का निर्णय लिया था। इसके तहत एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से हाल में सात महिलाओं का चयन हुआ था। इसमें तीन महिलाओं की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद बसों में तैनाती दी गई है। लगातार सूचना भेजने के बा. वजूद चार अन्य महिलाओं ने परिचालक बनने में रुचि नहीं ली। इसके अलावा मृतक आश्रित में तीन पुरुष परिचालकों का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें बुधवार को ज्वाइनिंग दी गई। मृतक आश्रित कोटे में तीन पुरुष चालकों की बुधवार को ज्वाइ. निंग कराई गई। वहीं तीन महिला परिच. ालकों को निगम की लोकल बसों पर लगाया है। चार महिला परिचालक अभी तक ट्रेनिंग के लिए नहीं आईं। –

# एटा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

एटा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान प्रियंका (26) के रूप में हुई है। विवाहिता की मौत होने पर ससुराल वाले शव को मंदिर में छोड़कर फरार हो गए। मायके पक्ष का आरोप है कि विवाहिता की दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। ससुराल वालों ने दहेज के लिए हत्या की है। घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के नगला जसराम गांव की है।विवाहिता के पिता राधेश्याम ने बताया कि उनकी बेटी की शादी वर्ष 2021 में निर्देश के साथ हुई थी। पति पांच लाख रुपए की दहेज की मांग कर रहा था। दो दिन पहले वह प्रियंका को मायके से ले गया था, और मारने की धमकी दी थी।मायके पक्ष के रूकुमपाल सिंह ने बताया कि विवाहिता के गले, पीठ और पैर पर चोट के निशान मिले हैं। गांव में रहने वाली अन्य महिलाओं ने फोन कर घटना की जानकारी दी। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रियंका को प्रताड़ित किया जाता था।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। विवाहिता के शव को पा. `स्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता का मायका रामपुर थाना निधौली क्षेत्र में है।

एटा की कोतवाली देहात पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिवशंकर पुत्र लालाराम को मानपुर अंडरपास के पास से पकड़ा गया। वह नगला पबल का रहने वाला है।पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली देहात में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। कुछ दिन पहले किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया था। आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर जिले में फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी आरके सिंह को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए थे। गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह, उपनिरीक्षक अंकित राणा और हेड कांस्टेबल इंद्रपाल सिंह शामिल थे। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# एटा की जवाहर तापीय विद्युत परियोजना पूरे नौ वर्ष में बनकर तैयार हुई

एटा की जवाहर तापीय विद्युत परियोजना पूरे नौ वर्ष में बनकर तैयार हुई है। विद्युत परियोजना प्रदेश को हर दिन 1320 मेगावाट बिजली बनाकर देगी। इससे प्रदेश भर में बिजली की किल्लत काफी हद तक दूर होगी। थर्मल पॉवर प्लांट मुख्य पावर ग्रिड के माध्यम से प्रदेशभर में बिजली देगा जाएगी। सोनभद्र के बाद प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा बिजली का कारखाना एटा में बनकर तैयार हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने कोरियन कंपनी दूसान के माध्यम से 22 दिसंबर 2016 को जवाहर तापीय विद्युत परियोजना का निर्माण का शुरू किया था। राज्य सरकार की पहली इस ग्रीन फील्ड विद्युत परियोजना को बनने में कोरियन कंपनी को पूरे नौ वर्ष का समय लगा हैं।पावर प्लांट निर्माण एवं बिजली उत्पादन में अनेकों प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के बाद प्लांट अब पूरी क्षमता के साथ प्रदेश को 1320 मेगावाट बिजली बनाकर देगा। पॉवर प्लांट की पहली यूनिट में सितंबर 2024 से फुल क्षमता के साथ 660 मेगावाट कमर्शियल बिजली उत्पादन करने के साथ मैनपुरी और ग्रेटर नोएडा ग्रिड में भेजा जा रहा है। जबकि दूसरी यूनिट में फुल क्षमता 660 मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू हो गया। दोनों यूनिटों से 1320 मेगावाट बिजली उत्पादन कर प्रदेश भर में सप्लाई देना शुरू कर दिया। बिजली कारखाने के नाम से एटा की पहचान मिलेगी। पॉवर प्लांट के महत्वपूर्ण बिन्दु जवाहर तापीय विद्युत परियोजना में हर दिन 31.68 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा 12320.43 करोड़ की लागत से 350 हेक्टेयर भूमि पर बना है थर्मल पॉवर प्लांट बिजली बनाने के लिए पॉवर प्लांट में हर दिन हो रही 38 क्यूसेक पानी खपत प्लांट से 765 केवीए बिजली मैनपुरी एवं ग्रेटर नोएडा ग्रिड के माध्यम से प्रदेश भर में दी जाएगी